# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– आर० ओ०/1010/2025–26 दिनांक :– 15-06-2026

## कार्यालय आदेश

मा० राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षान्त समारोह के संदर्भ में निर्देशित किया गया है कि :–

"विश्वविद्यालय/संस्थान (परिसर) में एक दिवस सफाई अभियान चलाया जाए, जिसमें कुलपति, निदेशक, कुलसचिव, समस्त अधिकारीगण, अध्यापकगण, गैर शैक्षणिक कर्मचारीगण, छात्र/छात्रायें सम्मिलित होकर विश्वविद्यालय/संस्थान के भवन, कक्षा एवं प्रयोगशाला तथा परिसर में सफाई करें।"

उक्त के क्रम में मा० कुलपति महोदया जी के आदेशों के अनुपालन में दिनांक 30 जून, 2026 से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त भवनों में अपने–अपने विभाग से सम्बन्धित अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, छात्रों के साथ सामूहिक रूप से एक दिवसीय सफाई अभियान चलाकर उसकी जियो टैग फोटों एवं रिपोर्ट कुलपति कार्यालय को भी प्रेषित करें।

15/6/26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
02. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. कुलानुशासक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. मुख्य छात्रावास अधीक्षक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. समस्त विभांगाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित की आप सभी अपने–अपने विभागों में एक दिवसीय सफाई अभियान सम्पन्न कराते हुए उससे संबंधित रिपोर्ट/जियो टैग छायाचित्र दिनांक 30 जून, 2026 तक कुलपति कार्यालय को उपलबध कराने का कष्ट करें।
06. समस्त शिक्षकगण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. पुस्तकालयाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
09. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
10. उपकुलसचिव/समस्त सहायक कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
11. चिकित्साधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
12. विश्वविद्यालय अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि वह सड़कों एवं अन्य स्थानों (भवनों के अतिरिक्त) पर एक दिवसीय सफाई अभियान चलाकर उसकी जियो टैग फोटों एवं रिपोर्ट दिनांक 30 जून, 2026 तक कुलपति कार्यालय को प्रेषित करें।
13. विद्युत अभियंता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
14. स्वच्छता प्रभारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
15. उद्यान प्रभारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
16. समस्त कर्मचारीगण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
17. सम्बन्धित पत्रावली।

15/6/26
कुलसचिव

ई–मेल

**राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश**
**लखनऊ–226027**

संख्याःई–3450 / 32–जी.एस. / 2023–XIX

दिनांकः 30 मई, 2026

प्रेषक

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के**
**विशेष कार्याधिकारी**
**(अपर मुख्य सचिव स्तर),**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय : विश्वविद्यालय / संस्थान में शैक्षिक सत्र 2025–26 का दीक्षान्त समारोह आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस सचिवालय के पत्र संख्याःई–2345 / 32 जी.एस. / 2023–xix, दिनांक 26.04.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 के दीक्षान्त समारोह एवं उससे पूर्व दीक्षोत्सव तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये थे।

2. माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा प्राप्त नवीन निर्देश के अनुक्रम में इस सचिवालय द्वारा निर्गत उपर्युक्त पत्र दिनांक 26.04.2026 को अतिक्रमित / अवक्रमित करते हुए दीक्षान्त समारोह एवं उससे पूर्व दीक्षोत्सव तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निम्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित हैः–

3. दीक्षान्त समारोह के पूर्व दीक्षोत्सव का आयोजन करते हुए निम्नांकित गतिविधियॉ सम्पादित करायी जानी प्रस्तावित हैः–

i. परम्परागत खेल प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं निबन्ध लेखन (विश्वविद्यालय स्तर पर विषय का निर्धारण किया जाय), चित्रकला, देशभक्ति गीत (अभिनय के साथ किया जाय, मात्र कोरस के रूप में एक स्थान पर खडे होकर न किया जाय), लोक नृत्य (स्थानीय / पारम्परिक), भाषण प्रतियोगिता, माँ–बेटी सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा, जिसमें प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी (छात्र–छात्रायें) पृथक–पृथक होंगें। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा।

ii. उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों (प्रधानाचार्य को सम्मिलित करते हुए), जिनके पुस्तक प्रकाशन, रिसर्च वर्क, पेटेन्ट, पत्रिका (Journal) प्रकाशन, बच्चों के साथ

अधिक से अधिक कार्य किया हो, शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों में प्रतिभागिता एवं उत्कृष्टता रही हो, शैक्षणिक सत्र में अवकाश का न्यूनतम उपभोग किया हो तथा शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों में अधिक से अधिक प्रतिभागिता रही हो, आदि के दृष्टिगत अंक प्रणाली के आधार पर विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा मूल्यांकन कर चिन्हित करते हुए पुरस्कृत किया जायेगा।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों (प्रधानाचार्य को सम्मिलित करते हुए) जिन्हें सम्मानित किया जायेगा, उनकी संख्या के दृष्टिगत महाविद्यालयों में तीन (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा विश्वविद्यालय परिसर (Affiliating University का Campus) एवं ऐसे विश्वविद्यालय/संस्थान जिनसे कोई महाविद्यालय सम्बद्ध नहीं है उनकी संख्या एक (प्रथम) होगी। इस प्रकार दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदया के कर कमलों से कुल 04 अध्यापकगण सम्मानित/पुरस्कृत किये जायेगें।

iii. विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा गोद लिये गाँवों में भी परम्परागत खेलों का भी आयोजन किया जाये। इसमें सम्मिलित 50 बच्चों को दीक्षान्त समारोह में बुलाया जायगा तथा दीक्षांत समारोह के समय 10 बच्चों द्वारा पर्यावरण/जल बचाव से सम्बन्धित गीत गायन अभिनय के साथ प्रस्तुत कराया जायेगा।

iv. विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा गोद लिये गये गाँवों में गत 07 वर्षों में क्या-क्या कार्य किये गये हैं, जैसे- कम्प्यूटर, स्मार्ट क्लास, रिसर्च, महिला सशक्तीकरण, हेल्थ-हाइजिन, आंगनवाड़ी, शैक्षणिक गतिविधियाँ आदि से सम्बन्धित कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट पुस्तक के रूप में फोटोग्राफ के साथ तैयार की जाय।

v. दीक्षान्त के समय देशभक्ति गीत/पारम्परिक लोक नृत्य 15 बच्चों के समूह में प्रस्तुत किया जायेगा।

vi. गोद लिये गये गावों में **'मेरी माँ'** प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय। जिसमें मेरी माँ विषय पर भाषण, निबन्ध, काव्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय।

vii. माननीय कुलाधिपति महोदया को केवल कलर बुक पुस्तकें भेंट की जाय जो छोटे बच्चों के उपयोग हेतु उन्हें दी जा सके।

viii. विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण 01 घण्टा एक पुस्तक पढें और उस पर एक रिव्यू रिपोर्ट तैयार करें।

ix. विश्वविद्यालय/संस्थान एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उनकी स्वेच्छा एवं आपसी सहयोग से राज्य एवं राज्य से बाहर शैक्षणिक प्रवास का कार्यक्रम आयोजित करेंगें।

x. विश्वविद्यालय/संस्थान (परिसर) में एक दिवस सफाई अभियान चलाया जाय, जिसमें कुलपति, निदेशक, कुलसचिव, समस्त अधिकारीगण, अध्यापकगण, गैर शैक्षणिक कर्मचारीगण, छात्र/ छात्रायें सम्मिलित होकर विश्वविद्यालय/संस्थान के भवन, कक्षा एवं प्रयोगशाला तथा परिसर में सफाई करें।

xi. छात्र/छात्राओं के मध्य निबन्ध लेखन की प्रतियोगिता आयोजित की जाय, यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय में आयोजित की जाय, जिसमें महाविद्यालय के बच्चों को भी सम्मिलित किया जाय। प्रतियोगिता में निम्नांकित विषय सम्मिलित हों:–

- भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था कैसे बना।
- राज्य सरकार के दो अच्छे कार्य।
- भारत सरकार के दो अच्छे कार्य।

4. दीक्षान्त समारोह से पूर्व विभिन्न आयोजनों के संदर्भ में निम्नांकित कार्यक्रम गोद लिये हुए ग्रामों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैं:–

i. विद्यालयों में अलग–अलग दो समूह का निर्धारण कर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा:–

- कक्षा 3 से 8 तक
- कक्षा 9 से 12 तक

ii. विद्यालयों में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं (प्रत्येक कक्षा समूह के लिए 03 प्रतियोगिताएं)

- भाषण प्रतियोगिता
- चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता
- कहानी कथन प्रतियोगिता (स्टोरी टेलिंग)

iii. कक्षा 09 से 12 तक के छात्र अपने में गाँव जो भी अच्छे कार्य (यथा– जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, आदि) किये गये हैं उसके बारे में अपने भाषण में बोलेगें।

iv. यह प्रतियोगिता 05 गावों के मध्य कराई जायेगी तथा उसमें प्रथम 03 विजेता (प्रत्येक प्रतियोगिता– भाषण, चित्रकला, कहानी–कथन हेतु चिन्हित होंगे) को माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

5. दीक्षांत समारोह में चित्रकला प्रतियोगिता (प्रस्तर–4(ii) मात्र) में विजयी बच्चों का चित्र, दीक्षांत समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा तथा प्रतियोगिता के उपरान्त पुस्तक भी

तैयार की जायेगी। यह पुस्तकें सभी 05 ग्रामों के प्रधानाध्यापकों को वितरित की जायगी।

6. **आंगनवाड़ी किट का वितरण**

माननीय कुलाधिपति महोदया के आदेशानुसार, सुसंगत जिला प्रशासन द्वारा 200 आंगनवाड़ी किट उसी सुसंगत जनपद, जो विश्वविद्यालय के आच्छादन क्षेत्र में स्थित है, में तथा विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा 100 आंगनवाड़ी किट चिन्हित जनपदों में वितरित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। समस्त कृषि विश्वविद्यालय अपनी सुविधानुसार सी. एस.आर. के माध्यम से आंगनवाड़ी किट उपलब्ध करोयेंगे। आंगनवाडी किट वितरण के समय गोद लिये गये 05 गावों की आंगनवाडी के मध्य उनकी सफाई, स्वास्थ्य/ हाइजिन, बच्चों के खेलकूद, बच्चों के रख–रखाव तथा अन्य व्यवस्थाओं को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया जायेगा।

7. दीक्षान्त समारोह के तत्काल बाद **"माँ–बेटी सम्मेलन"** का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, इस सम्मेलन का आयोजन निम्न प्रकार से किया जायेगा:–

i. मां बेटी सम्मेलन के पूर्व, विश्वविद्यालय/संस्थान छात्राओं का ब्लड टेस्ट करा लिया जाय तथा उसकी रिपोर्ट उनके परिजन (माता) से साझा कर ली जाय।

ii. विश्वविद्यालय के छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के स्वास्थ्य, उत्कृष्टता, खेल आदि क्षेत्रों के विषय पर "माँ–बेटी सम्मेलन" आयोजित किया जायेगा।

iii. विश्वविद्यालय/संस्थान में एक से अधिक छात्रावास होने पर सभी छात्रावासों को सम्मिलित करते हुए एक जगह पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

8. दीक्षान्त समारोह में जो छात्र माननीय कुलाधिपति महोदया के कर कमलों से पुरस्कार लेने आयेंगें तब उनके महाविद्यालय का नाम भी उद्घोषित किया जायेगा।

9. दीक्षान्त समारोह में जो छात्र मेडल प्राप्त कर रहे हैं तथा जिन शिक्षकगण को उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया जा रहा है उन महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य को भी आमंत्रित किया जायेगा।

10. दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदया के कर कमलों से मंच पर केवल 25 छात्र/छात्राओं को मेडल दिया जायेगा। मेडल दिये जाने वाले छात्र–छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा किया जायेगा। शेष छात्र अपने–अपने पुरस्कार लेकर फोटो सेशन के लिए उपस्थित रहेगें।

11. यदि दीक्षान्त समारोह कार्यक्रम के दिवस बरसात हो जाती है या अन्य कोई अपरिहार्य परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है, तो यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय/संस्थान इस सम्बन्ध में भी ( Plan B के रूप में) तैयारी रखें।

12. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि:–

i. दीक्षान्त समारोह आयोजन एवं उससे पूर्व दीक्षोत्सव में आयोजित की जाने वाली उपर्युक्त **प्रस्तर 03 से 11** तक की विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

ii. विश्वविद्यालय/संस्थान के दीक्षान्त समारोह में आमंत्रित किये जाने वाले मुख्य अतिथि के नाम का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु तीन महानुभावों के नाम, डायस प्लान, क्षण–प्रतिक्षण कार्यक्रम एवं भाषण सामग्री आदि माननीय कुलाधिपति महोदया के अनुमोदनार्थ इस सचिवालय को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

30/12/16

**( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )**
भा.प्र.से.(से.नि.)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी
(अपर मुख्य सचिव स्तर)

प्रतिलिपि परिसहाय(पी/ए), श्री राज्यपाल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी